

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

गिर कर भी जो उठ जाता है,वही असली विजेता कहलाता है। वक्त चाहे कितना भी सख्त हो,हौसला अगर पक्का हो, तो रास्ता भी अपना बनता हो।

गुरुवार 09 जुलाई 2026 बर्ष 02 अंक 178 पृष्ठ 5 | www.keshavtv24.com | Email:keshavtvbihar@gmail.com


## रहूई के देवबीघा गांव में 7 महीने से बंद है नल–जल योजना की मोटर
## बूंद–बूंद पानी को तरस रहे सैकड़ों ग्रामीण, दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

**केशववाणी राकेश कुमार' की रिपोर्ट रहूइ(नालंदा)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल–जल योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन नालंदा जिले के रहुई प्रखंड से सामने आई तस्वीर इस योजना की जमीनी हकीकत पर कई सवाल खड़े कर रही है। यहां पिछले करीब सात महीनों से नल–जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। सैकड़ों परिवार बूंद–बूंद पानी के लिए परेशान हैं और मजबूरी में दूषित पानी पीने को विवश हैं। देखिए हमारी यह विशेष रिपोर्ट। यह तस्वीर नालंदा जिले के रहुई प्रखंड अंतर्गत दोसूत पंचायत के देवबीघा गांव की है। गांव के वार्ड संख्या–7 और वार्ड संख्या–8 में पिछले लगभग सात महीनों से हर घर नल–जल योजना की मोटर बंद पड़ी हुई है। मोटर खराब होने के बाद आज तक उसे चालू नहीं कराया जा सका है। परिणामस्वरूप करीब 250 घरों की हजारों की आबादी भीषण जल संकट से जूझ रही है। सुबह होते ही गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे हाथों में बाल्टी, गैलन और बर्तन लेकर पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं। घरों में पीने, खाना बनाने, स्नान करने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि हर दिन पानी जुटाने में कई घंटे बर्बाद हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहले नल–जल योजना के तहत बोरिंग कराई गई थी और कुछ महीनों तक सभी घरों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति होती रही। लेकिन बाद में जल मीनार निर्माण की मांग के बीच पंप चालक की लापरवाही और विभागीय उदासीनता के कारण मोटर बंद हो गई। पिछले सात महीनों से न तो इसकी मरम्मत कराई गई और न ही कोई स्थायी समाधान निकाला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। समस्या जस की तस बनी हुई है। नल–जल योजना बंद होने के कारण ग्रामीणों को गांव से बाहर स्कूल के समीप लगे एकमात्र चापाकल पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यही चापाकल पूरे गांव की प्यास बुझाने का सहारा बना हुआ है। सुबह और शाम यहां पानी भरने वालों की लंबी कतार लग जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस चापाकल से निकलने वाला पानी भी पूरी तरह साफ नहीं है। पानी में गंदगी और दूषित तत्व होने की शिकायत लगातार मिल रही है। मजबूरी में लोग इसी पानी का उपयोग पीने और खाना बनाने में कर रहे हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।



स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि गांव के स्कूल परिसर में भी पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। स्कूल में चापाकल नहीं होने के कारण छात्र–छात्राओं को भी इसी दूषित पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी और उमस के इस मौसम में बच्चों को शुद्ध पेयजल नहीं मिलना स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो गांव में जलजनित बीमारियां फैल सकती हैं। ग्रामीण जगन्नाथ पासवान, रवि कुमार, रमेश कुमार, मिंता देवी, चंचला देवी, सुशीला देवी, बाबूलाल पासवान, गोलू पासवान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सात महीनों से नल–जल योजना बंद है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन से अविलंब मोटर की मरम्मत कराने और स्थायी जल मीनार का निर्माण कराने की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। कागजों पर योजना चल रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर लोग पानी के लिए दर–दर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नल–जल योजना को चालू नहीं कराया गया तो वे प्रखंड कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करने को विवश होंगे। उनका कहना है कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए बार–बार गुहार लगाने के बावजूद समाधान नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं रहुई प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मराज कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही खराब मोटर की मरम्मत कराकर नल–जल योजना को पुनः चालू कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का दावा कर रही है, लेकिन देवबीघा गांव की तस्वीर इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन का आश्वासन धरातल पर कब उतरता है और आखिर कब ग्रामीणों को बूंद–बूंद पानी के संकट से राहत मिलती है।



## भिक्षा मुक्त नालंदा अभियान को मिलेगी गति
## डीएम ने 15 दिनों में मांगी कार्ययोजना की रिपोर्ट




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(बिहार)।** नालंदा की जिला. धिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने और भिक्षुकों के सम्मानजनक पुनर्वास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में भिक्षावृत्ति के वास्त. विक कारणों की गहन जांच की जाए। यह पता लगाया जाए कि कोई व्यक्ति वृद्धावस्था, मानसिक बीमारी, दिव्यांगता, आर्थिक मजबूरी या अन्य किसी कारण से भिक्षावृत्ति कर रहा है। इसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति का आवश्यकता–आधारित (नीड बेस्ड) मूल्यांकन कर पुनर्वास की योजना बनाई जाए। उन्होंने समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके तहत प्रमुख मं. दिरों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले सार्वज. निक स्थानों पर पोस्टर एवं होर्डिंग लगाए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक स्थल की परिस्थितियों के अनुसार अलग–अलग कार्ययोजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भिक्षावृत्ति में शामिल लोगों की का. उंसलिंग कर उन्हें सरकारी योजनाओं, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ते हुए स्थायी पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल भिक्षावृत्ति रोकना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावित व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमि. कता होनी चाहिए।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026 के सर्वेक्षण में नालंदा जिले में 1,211 भिक्षुकों की पहचान की गई है। मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना के तहत जिले में 55 लाभुकों को स्वावलंबन योजना से जोड़ा गया है, जबकि 15 लाभुकों को उत्पादक समूहों से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया गया है। बावन बूटी साड़ी एवं दुपट्टा निर्माण से संबंधित उत्पादक समूह भी संचालित किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में संचालित शांति कुटीर और सेवा कुटीर पुनर्वास गृहों के माध्यम से अब तक सैकड़ों भिक्षुकों का पुनर्वास किया जा चुका है। वर्तमान में दोनों पुनर्वास गृहों में 88 लाभुक रह रहे हैं। बैठक में पुलिस विभाग, धर्मगुरुओं, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा एवं चर्च प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। सभी से अपील की गई कि सड़क पर भिक्षा देने के बजाय पुनर्वास अभियान में सहयोग करें और जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में प्रशासन की मदद करें। जिले में पावापुरी जल मंदिर, राजगीर कुंड परिसर, शांति स्तूप रज्जु मार्ग, बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन, बड़ी दरगाह, नालंदा खंडहर सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष जागरूकता एवं पुनर्वास अभियान चलाया जाएगा। बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नीट यूजी री–एग्जाम सेटिंग की जांच में पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंची ईओयू, एमबीबीएस छात्रों के रिकॉर्ड खंगाले

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ(बिहार)।** नीट यूजी री–एग्जाम 2026 सेटिंग और सॉल्वर गैंग के नेटवर्क की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम मंगलवार को भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंची। टीम ने कॉलेज प्रशासन से आरो. पित एमबीबीएस विद्यार्थियों से मामले से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों की जांच की, अभिलेखों का सत्यापन किया तथा प्राचार्य डॉ. सर्विल कुमारी से विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी पूछताछ कर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान पहले सामने आए तथ्यों के अनुसार, दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में गिरफ्तार अभ्यर्थी ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसे बीएमआईएमएस पावापुरी के 2022 बैच के एमबीबीएस छात्र रविशंकर उर्फ सम्राट ने असली परीक्षार्थी संजीत की जगह परीक्षा देने के लिए भेजा था। इसके एवज में परीक्षा के बाद मोटी रकम देने की बात तय हुई थी। आरोप है कि प्रवेश पत्र उपलब्ध कराने से लेकर बायोमेट्रिक सत्यापन में कथित मिलीभगत के जरिए उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश भी दिलाया गया। इधर, ईओयू की जांच में अब एक नया एंगल भी सामने आया है। सहायक थाना पावापुरी के प्रभारी गौरव कुमार सिंह ने बताया कि जांच में यह जानकारी मिली है कि फरार एमबीबीएस छात्र रविशंकर उर्फ सम्राट अपनी पत्नी की जगह दिल्ली की एक महिला एमबीबीएस छात्रा को री–एग्जाम में बैठाने की तैयारी में था। हालांकि यह योजना सफल नहीं हो सकी। अब ईओयू इस पहलू की भी गहन जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस साजिश में और कौन–कौन लोग शामिल थे।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि री–एग्जाम के दिन प्राचार्य डॉ. सर्विल कुमारी ने सुबह 10 बजे से परीक्षा समाप्त होने तक सभी छात्रों को संस्थान परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने दो बार छात्रों को परिसर में उपस्थित होकर अपनी अटेंडेंस दर्ज कराने के निर्देश भी जारी किए थे। राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता और पावापुरी पुलिस की मौजूदगी में हुई उपस्थिति जांच के दौरान रविशंकर उर्फ सम्राट, रंजीत कुमार समेत एक अन्य छात्र अनुपस्थित मिले थे। पुलिस द्वारा संपर्क करने पर तीनों के मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ पाए गए, जिससे जांच एजेंसियों का संदेह और गहरा गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने यह भी बताया है कि सॉल्वर गैंग असली अभ्यर्थियों की जगह मेडिकल छात्रों को परीक्षा में बैठाने के लिए 30 से 50 लाख रुपये तक की डील करता था। इस मामले में पुलिस अब तक कथित सेटिंग गैंग के सरगना सहित पीएमसीएच, गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और बीएचयू के छात्रों समेत 24 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपितों में बायोमेट्रिक कंपनी के 14 कर्मचारी भी शामिल हैं। ईओयू की ताजा कार. 'वाई के बाद मामले की जांच और तेज हो गई है। एजेंसी पूरे सॉल्वर नेटवर्क, आर्थिक लेन–देन, बायोमेट्रिक सिस्टम में कथित गड़बड़ी तथा इसमें शामिल सभी लोगों की भूमिका की बारीकी से जांच कर रही है। जांच अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में इस हाई–प्रोफाइल मामले में और भी अहम खुलासे हो सकते हैं




# नालंदा में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर, बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की होगी नि:शुल्क मरम्मत




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के तहत वितरित बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी खराबी दूर करने एवं गारंटी अवधि में खराब बैट्री और चार्जर बदलने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग कार्यालय, नालंदा में शिविर लगाया गया, जहां लाभ-ुकों की साइकिलों की जांच कर आवश्यक मरम्मत की गई। शिविर में अधिकृत तकनीकी विशेषज्ञों ने बैट्री चालित तिपहिया साइकिलों का परीक्षण किया तथा गारंटी अवधि के अंतर्गत आने वाली खराब बैट्री और चार्जर का निरूशुल्क प्रतिस्थापन किया। जिला प्रशासन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को निबा-'ध एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन ने बताया कि शेष लाभुकों की सुविधा के लिए अनुमंडल स्तर पर भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। हिलसा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के लाभुकों के लिए 9 जुलाई 2026 को प्रखंड कार्यालय, करायपरशुराय में तथा राजगीर अनुमंडल के सभी प्रखंडों के लाभुकों के लिए 10 जुलाई 2026 को प्रखंड कार्यालय, सिलाव में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित होगा।प्रशासन ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के सभी लाभुकों से अपील की है कि जिनकी बैट्री चालित तिपहिया साइकिल में तकनीकी खराबी है या गारंटी अवधि के दौरान बैट्री अथवा चार्जर खराब हो गया है, वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अपनी तिपहिया साइकिल एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर निरूशुल्क मरम्मत एवं प्रतिस्थापन सुविधा का लाभ उठाएं।

# बिहार विधान परिषद सदस्य रीना यादव बनीं जदयू पंचायती राज प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी जनता दल (यू) ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बिहार विधान परिषद सदस्य रीना यादव को जनता दल (यू) पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। पार्टी द्वारा आधिकारिक घोषणा किए जाने के बाद प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।रीना यादव के मनोनयन पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायती राज प्रकोष्ठ संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि रीना यादव लंबे समय से संगठन और जनसेवा से जुड़ी रही हैं तथा पंचायत स्तर तक उनकी मजबूत पकड़ का लाभ पार्टी को मिलेगा। जदयू नेताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा और पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए भी नए आयाम स्थापित होंगे। बधाई देने वालों में एखलाक अहमद विधान पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार. सरवन यादव. एहसान खान.धर्मेंद्र यादव बंटी राज दिलीप कुमार एहतेशम मल्लिक.रितेश कुमार..मौजूद थे

# नगरनौसा स्थित एकता फाउंडेशन के केंद्रीय रसोईघर का मीडिया ने किया निरीक्षण, साफ–सफाई और गुणवत्ता पर दिया जा रहा विशेष ध्यान




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा स्थित एकता फाउंडेशन के केंद्रीय रसोईघर का मीडिया प्रतिनिधियों ने सुबह अचानक निरीक्षण किया। सुबह करीब 5 बजे पहुंचे मीडिया कर्मियों ने पाया कि रसोईघर में कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मचारी अपने–अपने कार्य में जुटे थे और पूरी साफ–सफाई के साथ बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान एकता फाउंडेशन के मैनेजर ने बताया कि संस्था में भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। चावल, दाल, सब्जी सहित सभी खाद्य सामग्री निर्धारित मानकों के अनुसार तैयार की जाती है। भोजन तैयार करने से पहले और बाद में स्वच्छता के सभी आवश्यक नियमों का पालन किया जाता है। उन्होंने बताया कि एकता फाउंडेशन से प्रतिदिन लगभग 218 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन भेजा जाता है। इसके लिए रोजाना करीब 25 से 26 हजार बच्चों का भोजन तैयार कर समय पर विद्यालयों तक पहुंचाया जाता है।मैनेजर ने बताया कि भोजन विद्यालयों में भेजने से पहले फाउंडेशन के कर्मचारी स्वयं उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए भोजन चखते हैं। इसके बाद विद्यालयों में भी शिक्षक भोजन का निरीक्षण एवं स्वाद परीक्षण करने के उपरांत ही बच्चों को परोसे जाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता को लेकर संस्था लगातार सतर्क रहती है और अब तक किसी भी विद्यालय से भोजन संबंधी कोई गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। संस्था का प्रयास है कि बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

# अग्निकांड में हुई गेहूं की फसल क्षति को लेकर किसानों के बीच मंत्री ने किया चेक वितरण




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राजगीर प्रखंड के बिरजू बिगहा गांव में अग्निकांड में हुई गेहूं फसल की क्षति को लेकर ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंकर्प मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में 9 लाभुकों के बीच कुल 59 हजार 112 रुपये का चेक वितरण किया। मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मानना है कि सरकारी खजाने पर आपदा पीड़ित परिवारों का पहला हक है। इसमें भेदभाव करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। सूबे की सरकार में विकास हो रहा है। हर वर्ग व समाज को सरकार की योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। अग्निकांड से हुए गेहूं के फसल की क्षतिपूर्ति की मुआवजा पाने वालों में टुनटुन सिंह, बच्चु सिंह, मनीष कुमार, धीरज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, यादु ठाकुर शामिल हैं। इस मौके पर बीडीओ एजाज आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, अजीत कुमार वर्मा, कुमार वेदनिधि सहित अन्य शामिल हुए।

**फसल क्षति का मुआवजा सही नहीं हुआ आकलन**

किसानों ने मंत्री श्रवण कुमार से कहा कि प्रखंड व अंचल के कर्मियों व अधिकारियों ने अग्निकांड में हुई गेहूं फसल की क्षति का सही आकलन नहीं किया गया है। उनकी जितनी क्षति हुई उसका पैसा नहीं मिला है। इस पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि किसानों के साथ भेदभाव करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा। संबंधित विभाग के पदाधिकारी को कहा कि आपदा के समय भेदभ-ाव करने वाले कर्मचारियों की आवेदन रिपोर्ट की समीक्षा कर जांच करें और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों को कड़ी से कड़ी सजा दें।






# राजस्व महाअभियान की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा की जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व महाअभियान एवं सहयोग पोर्टल से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों के निष्पादन तथा सहयोग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन मामलों में म्यूटेशन (दाखिल–खारिज) अथवा परिमार्जन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उन्हें बिना विलंब फाइनल रिकॉर्ड (एफआर) में परिवर्तित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है तो संबंधित पदाधिकारी प्रक्रिया में तेजी लाकर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्यालय एवं जिला स्तर से सहयोग पोर्टल पर प्राप्त सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त लगभग 90 प्रतिशत मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं, जबकि शेष मामले अन्य विभागों से जुड़े हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक मामले का समय पर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि जिले का प्रदर्शन राज्य स्तर पर बेहतर बना रहे।. राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने हिलसा, सिलाव, बिहारशरीफ एवं इस्लामपुर अंचलों द्वारा किए गए बेहतर कार्यों की सराहना करते हुए संबंधित पदाधिकारियों की प्रशंसा की। वहीं जिन अंचलों में अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई, वहां कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया।उन्होंने निर्देश दिया कि जिन अंचलों में अभियान की प्रगति 20 प्रतिशत से कम है, वहां के संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) एवं अंचल अधिकारी नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करें और अभियान को गति देकर निध. ािरित लक्ष्य शीघ्र हासिल करना सुनिश्चित करें।

# नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी का निजी विद्यालय परिवार ने किया स्वागत, समस्याओं से कराया अवगत



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा के नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र का भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ एवं निजी विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, जिलाध्यक्ष मो. जाहिद अनवर, सह–कोषाध्यक्ष अजय कुमार, संरक्षक बालमुकुंद कुमार विद्यार्थी तथा पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण होगी।स्वागत के उपरांत संगठन के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात कर निजी विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निजी विद्यालयों में कक्षा आठ तक की शिक्षा व्यवस्था आरटीई के तहत संचालित होती है, जो व्यावसायिक गतिविधि के दायरे में नहीं आती। इसके बावजूद विद्यालयों से व्यावसायिक दर पर बिजली बिल और नगर निगम कर की वसूली की जा रही है। संगठन के प्रतिनिधियों ने इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल करने और समस्या के समाधान की मांग की। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभ. ीरता से सुनते हुए नियमानुसार आवश्यक कार. ौवाई का भरोसा दिलाया।

# समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण साफ–सफाई और बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा की जिला. धिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयों की कार्यप्रणाली, कर्मियों की उप. स्थिति, अभिलेखों के संधारण, स्वच्छता व्यवस्था तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला नजारत शाखा, जिला सामान्य शाखा, जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का भ्रमण कर कार्यशैली, अभिलेखों के रख–रखाव, लंबित मामलों की स्थिति एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभिन्न योजनाओं और लंबित मामलों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में नियमित एवं प्रभावी साफ–सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित कार्यालय से आम नागरिकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा इससे कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयपालन का सख्ती से पालन करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मी की बायोमेट्रिक उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही भवन प्रमंडल, नालंदा के कार्यपालक अभियंता को समाहरणालय परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों में आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# नवपदस्थापित डीईओ हेमचंद्र जी को नवनियुक्त माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ने बधाई दी



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नवनियुक्त माध्यमिक / उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ने नालंदा के नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री हेमचंद्र जी को अंग वस्त्र, बुके एवं मालार्पण कर सम्मानित किया। सम्मानित और बधाई देने में संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ गणेश शंकर पाण्डेय, प्रदेश सचिव डॉ विश्वनाथ प्रसाद, जिला अध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा,जिला सचिव राणा रंजीत कुमार जिला कार्यकारिणी सदस्य ओंकार कुमार, मुकेश कुमार, प्रदीप रजक समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद थे। जिला शिक्षा पदा. धिकारी श्री हेमचंद्र ने कहा कि शिक्षकों की कोई भी समस्या अब लंबित नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का सबसे सम्मानित पद होता है, इसलिए शिक्षकों को सम्मान जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय में जरूर मिलेगा एवं उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।संघ के सभी नेताओं ने कहा कि नये जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री हेमचंद्र जी से नालंदा के शिक्षक आशान्वित हैं शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण सम्मान पूर्वक किया जाएगा।नेताओं ने कहा कि जिला शिक्षा पदा. धिकारी श्री हेमचंद्र जी की घर वापसी हुई है पूर्व में भी उनका कार्यकाल सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा है।




# रहुई के देकपुरा गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के देकपुरा गांव में एक विवाहिता की फांसी लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, मंगलवार (8 जुलाई 2026) को दोपहर करीब 2रू35 बजे रहुई थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि देकपुरा गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना के सत्यापन के दौरान मृतका की पहचान प्रीति कुमारी (21 वर्ष), पिता धर्मेंद्र मिस्त्री एवं पति रविशंकर मिस्त्री, निवासी देकपुरा, थाना रहुई, जिला नालंदा के रूप में हुई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, नूरसराय अंचल पुलिस निरीक्षक एवं सदर–2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से आवेदन प्राप्त होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में विधि–व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

# छतियाना पीएसएस का निर्माण कार्य 30 फिसदी पूर्ण

## हरनौत प्रखंड में बना रहा छठा पीएसएस , दिसंबर तक हो जाएगा पूर्ण

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के गोनावां पंचायत में नया पावर सब स्टेशन,छतियाना का निर्माण जोर–जोर से चल रहा है।ताकि बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित रह सके। बिजली आपूर्ति प्रशाखा हरनौत के कनिय अभियंता(जेई) मनीष कुमार बताते हैं कि हरनौत,कल्याण बिगहा,चौनपुर,तेलमर और चेरन पीएसएस से फिलहाल प्रखंड में बिजली आपूर्ति की दी जाती है। जिसमें पूरबी हिस्सों(गोनावां, छतियाना, चौरिया, गोखुलपुर,बौधनगर बाजार,महवाचक, पोआरी,बसनियावां,तिस्कुरबा आदि गांव) को फिलहाल PSS से बिजली मिलती है।जेई ने बताया कि छतियाना पीएसएस(33/11 केवी) ऊर्जा विभाग अंतर्गत साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा बनाई जा रही है।जो 877 लाख रुपए की परियोजना है. ।इसके लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बीते 14 जुन को VC के माध्यम से कार्य का शुभारंभ किए थे।शिलान्यास के दौरान स्थल पर विधायक हरि नारायण सिंह,जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार,गोनावां मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष अमरेश उपाध्याय, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य मौजूद थे। विधायक श्री सिंह ने कहा था निर्माण से ग्राम पंचायत गोन.।वां सहित आसपास के 4–5 पंचायतों में बिजली की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।



इसके साथ ही क्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीणों को न केवल बेहतर जीवन सुविधाएं मिलेंगी बल्कि कुटीर एवं लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष दिसंबर माह तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।जेई श्री कुमार ने बताया कि तकरिबन 30 फिसदी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फिलहाल बाउंड्री का कार्य किया जा चुका है।कंट्रोलरूम बनाया जा रहा है। इसमें अभि पाईलिग का कार्य जारी है।इसके साथ ही स्थल पर 8 मीटर के सिमेंट का खंभा तथा 11 व 13 मीटर ऊंचाई के लोहे का सैकड़ों पोल गिराया गया है।इसे गाड़ा जाएगा।जेई ने कहा कि इस पावर सब स्टेशन की कुल क्षमता 20 एमवीए होगी। इसमें 10–10 एमवीए (मेगावोल्ट एम्पियर) के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नया पीएसएस बनने से न केवल पूर्वी भाग के गांवों को सीधे बिजली मिलेगी,बल्कि चेरन पीएसएस पर पड़ने वाला अतिरिक्त लोड भी कम हो जाएगा।उपभोक्ताओं को टाइम पर और फूल वोल्टेज बिजली मिलेगी। फॉल्ट जल्दी ठीक होगा।एसी,फ्रिज,मोटर सब अच्छे से चलेंगे।

# नालंदा के लाल का महाराष्ट्र में हुई मौत

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** जिले के नूरसराय प्रखंड के चौर बिगहा निवासी किशोर प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र की अजीत कुमार की मौत पांच जुलाई रविवार की अहले सुबह महाराष्ट्र के नवी मुंबई स्थित जेएनपीटी में हो गया। मृतक का शव एम्बुलेंस से बुधवार को चौर बिगहा लाया गया। मृतक के शव गांव पह.ुचते ही परिजनों की चीत्कार से गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक दो भाइयों में बड़ा भाई था। मृतक अजीत एक माह पहले नौ जून से जेएनपीटी, नवी मुंबई में प्रवासी मजदूर के रूप में ड्यूटी करता था। रविवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे ड्यूटी के दौरान पानी वाला जहाज से मृतक अजीत के ऊपर कंटेनर गिर गया। कंटेनर के गिरने से अजीत दब गया और कंटेनर से दबने के कारण उनकी मौत हो गई। चर्चित समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। साथ ही जेएनपीटी से मृतक के परि. जनों को मुआवजा देने की मांग भी किया है।

# संजय कांत सिन्हा लगातार तीसरी बार बने जद(यू) के प्रदेश महासचिव, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस सूची में नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत रूपसपुर गांव निवासी वरिष्ठ जद(यू) नेता संजय कांत सिन्हा को लगातार तीसरी बार पार्टी का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा जारी सूची में उनके नाम की घोषणा होते ही हरनौत सहित पूरे नालंदा जिले के जद(यू) कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।संजय कांत सिन्हा को लगातार तीसरी बार प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी मिलने को उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय कार्यशैली का सम्मान माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने हमेशा संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य किया है, जिसका परिणाम है कि पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। इस अवसर पर जद(यू) हरनौत प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, बंटी कुमार,निलेश कुमार,इंजीनियर रविशंकर ,डब्लू कुमार, रामप्रवेश सिंह,रोशन कुमार, सुधीर कुमार,कारू मांझी, उमाकांत सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि संजय कांत सिन्हा अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे मुख्यमंत्री एवं जद(यू) के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार के विकासवादी सोच, सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे, जिससे पार्टी को आगामी दिनों में और मजबूती मिलेगी। प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा में अरुण कुमार वर्मा को प्रदेश महासचिव (प्रदेश मुख्यालय) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं राजीव रंजन सिंह, रजनीश कुमार एवं विजय कुमार सिन्हा को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। संजय कांत सिन्हा के मनोनयन को लेकर हरनौत और नालंदा के जद(यू) कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। समर्थकों ने इसे क्षेत्र के लिए सम्मान बताते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बीरमपुर गांव में 80 घरों में नहीं पहुंच रहा नल जल योजना का पानी, बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे सैकड़ो परिवार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल–जल योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। लेकिन नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड की नेहुसा पंचायत के बीरमपुर गांव के वार्ड संख्या–19 में यह योजना पूरी तरह दम तोड़ती नजर आ रही है। गांव में पिछले कई दिनों से नल–जल योजना ठप पड़ी हुई है। स्थिति ऐसी है कि करीब 70 से 80 घरों के सैकड़ों लोग बूंद–बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे ग्रामीण रविशंकर कुमार, रोहित कुमार, रंजीत कुमार, शिवशंकर कुमार, मौली सिंह, रमाकांत सिंह, उषा देवी, प्रमोद महतो समेत कई लोगों ने बताया कि लगभग सात वर्ष पहले नल–जल योजना के तहत बोरिंग कराई गई थी, लेकिन आज तक जलमीनार का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मोटर तो चालू है, लेकिन उसकी नियमित देखरेख नहीं होने के कारण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बोरिंग के आसपास स्थित कुछ



घरों तक ही पानी पहुंच पाता है, जबकि आधे से अधिक गांव के घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने स्थानीय मुखिया और प्रखंड प्रशासन से अविलंब नल–जल योजना को दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है और जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन का यह आश्वासन आखिर कब धरातल पर उतरता है और बीरमपुर गांव के लोगों को कब तक शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल पाती है।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
Mobile:-7033325120,9931609015

# खेत में गिरे 440 वोल्ट के तार की चपेट में आने से किशोर की मौत

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर गांव में बुधवार को करंट लगने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक की पहचान मिल्कीपुर निवासी मजदूर दूरी केवट के पुत्र मोहित कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मोहित अपने पिता के साथ खेत गया था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रहा 440 वोल्ट का विद्युत तार अचानक टूटकर उसके ऊपर गिर पड़ा। करंट की चपेट में आने



से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही नालंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जर्जर तारों की मरम्मत कराने और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 34 फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा की जिला. धिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने बुधवार, 8 जुलाई 2026 को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 34 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने सभी मामलों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में आंगनबाड़ी भवन निर्माण में कथित लापरवाही तथा भवन में छोटे बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामले पर जिला. धिकारी ने कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, बिहारशरीफ एवं अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दाखिल–खारिज में हो रही समस्याओं, गलत मीटर रीडिंग के कारण अधिक बिजली बिल आने, भूमि पर जबरन घेराबंदी, परिमार्जन लंबित रहने, भूमि माफिया द्वारा जमीन हड़पने तथा सिलाव प्रखंड के नगर पंचायत वार्ड संख्या–13 स्थित सरकारी पईन में जमीन से



लगभग तीन फीट ऊपर कथित रूप से अवैध आरसीसी पाइप डालने से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।वहीं, गलत तरीके से फर्जी अनुपस्थिति दर्ज करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में प्राप्त अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभ. ागों के अधिकारियों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

# हरनौत बाजार के गोनावा मोड़ स्थित हनुमान मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन

## समापन के बाद भंडारा का किया गया आयोजन



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार के गोनावा मोड़ पर स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था।जो बुधवार को पूरे भक्ति माहौल में समाप्त हो गया। अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद मंदिर के बाहर सड़क किनारे भंडारा का आयोजन किया गया। यह भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन लवकुश बाल मंडली के द्वारा किया गया। वही इस ध. ार्मिक अनुष्ठान में शामिल आचार्य सुनील पांडे और लव कुश बाल मंडली के अध्यक्ष लालू कुमार ने बताया कि समस्त बाजार वासियों के सहयोग से प्रत्येक साल मंदिर की परागण में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाता है। अखंड कीर्तन को लेकर मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं रंग बिरंगी लाइट से सजा दिया गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में हवन पूर्णाहुति प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में हरनौत बाजार के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं ने पूरी, सब्जी एवं हलवा का भोग लगाया। वही इस मौके पर सिक्कू कुमार, बबलू कुमार, विपिन कुमार,सूर्यभान सुजीत, रोशन ,बिनु समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015